साल 7 बेमिसाल
सामाजिक गतिविधियों का लेखा जोखा
सबसे पहले सबसे तेज

मासिक
कुमावत इंडिया
कुमावत प्रगति ट्रस्ट की सामाजिक पत्रिका

Email : kumawatindiapatrika@gmail.com
Website : www.kumawatindiapatrika.in

वर्ष-8 | अंक-9 अप्रैल-2025 पृष्ठ-28 मूल्य : ₹ 20.00



DPS AJMER

Sr. Sec. School

Tabiji Farm Road, Ajmer

ESTABLISHING

The Right Environment

We believe in building a modern culture using both traditional & next-generation tools. So, your child's natural talents can blossom.

SHASHI PAL KUMAWAT
Chairman

Our Activities

Archery & International
Level Shooting Range

Swimming Pool
"DPS Wave Pulse"

Horse Riding Club
Won Laurels at the National Level

Skating Rink

Karate Club
We have won Karate Championship at District, State & National Level.

Art & Craft

Tabiji Farm Road, Near D.D. Puram, Beawar Road, Ajmer

Web: www.dpsajmer.in E-Mail: info@dpsajmer.in

कुमावत प्रगति ट्रस्ट

पता : एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018

संरक्षक	:	जयकिशन सोकिल	मो. 9829125428
अध्यक्ष	:	रामप्रकाश कुमावत एडवोकेट	मो. 9887440666
उपाध्यक्ष	:	रामप्रकाश कुमावत (मारवाल)	मो. 9414074376
सचिव	:	श्रीमती भारती तोंदवाल	मो. 9414810584
कोषाध्यक्ष	:	लक्ष्मी नारायण घोड़ीवाल	मो. 9549656438
सदस्य ट्रस्टी	:	सी.एम. कुमावत (बड़ीवाल)	मो. 9829056063
		रमेश कुमावत (गेदर)	मो. 9414554322
		चेतन बालोदिया	मो. 9414052736
		मोहन लाल कुमावत	मो. 9887557425
मुख्य सलाहकार	:	सुरेन्द्र कुमार वर्मा (नागा)	मो. 9414994006
सलाहकार	:	गिरधारी लाल सिंघनवाल	मो. 9414263429

सम्पादक मण्डल : रमेश चन्द कुमावत (गैदर) सम्पादक -9414554322, **सह-सम्पादक** : रमेश तोंदवाल 9460870125 एवं प्रिया मारवाल 9408093778 तथा मनीष कुमावत 9660702083, रवि कुमावत 9829600411, लक्ष्मीनारायण सिरस्वा 9829791846, उर्वशी बालोदिया 9351680888, **पदेन सदस्य :** अध्यक्ष, सचिव एवं प्रकाशक।

व्यवस्थापक मण्डल : महेश चन्द जलान्धरा 9828118789, लालचन्द धुंधारिया 9413335998, सुरेन्द्र मारोठिया 9314820385, राजेश धुंधारिया 9314506330, राजेश कुमावत (मरोडिया) 9829097496, अशोक कुमावत -9352070394, श्रीमती शशि कला बालोदिया, मुकेश कारगवाल 9828606056 व राजसिंह बधानिया 9414238799 **उप-कोषाध्यक्ष :** खेमचंद खड़गटा 9829140629 **विधि सलाहकार :** राकेश कुमावत एडवोकेट 9829152561 विशेष आमंत्रित सदस्य : मनोज सिरस्वा।

पत्रिका सहयोगी :

छत्तीसगढ़ : रमेश कुमार तुनवाल **मो. 9425234397 दिल्ली :** राधेश्याम घासोलिया **मो. 9818711580 सूरत :** शुभकरण किरोड़ीवाल **मो. 9898097444 वापी :** कृष्णगोपाल **मो. 9824892299 मुम्बई :** विजय किरोड़ीवाल, **मो. 9867177188 जींद (हरियाणा) :** बलवीर सिंह वर्मा **मो. 9355322301 कोटा :** चन्द्र प्रकाश कांकर **मो. 9214983402 सीकर :** रामगोपाल भोड़ीवाल **मो. 9610784657 उदयपुर :** घनश्याम पटवा **मो. 9460913044,** जगदीश मामोडिया **मो. 9024805687 ब्यावर :** नरेन्द्र आर्य **मो. 8107944493,** रवि बेडवाल **मो. 8290303003 बगरू :** चेनसुख बड़ीवाल **मो. 9929012957 सांगानेर :** सोहनलाल अजमेरा **मो. 9636860812 इंदौर :** नेमीचंद कारवाल **मो. 9993998645 किशनगढ़ :** प्रभुदयाल तुनगरिया **9680931428**

प्रोसेसिंग व मुद्रक : राज ब्लॉक्स, 22 गोदाम, जयपुर

सदस्यता शुल्क रु. : विशिष्ठ संरक्षक- 5000, संरक्षक-3000, 10 वर्षीय-1300 एवं 5 वर्षीय-650

विज्ञापन दरें : अंतिम कवर पृष्ठ-3500, कवर पृष्ठ अन्दर, 3000, अन्दर 1 पृष्ठ-2500, 1/2 पृष्ठ-1300, 1/4 पृष्ठ-700

नोट 1 : संरक्षक सदस्य को आजीवन (25 वर्ष) तक पत्रिका प्रेषित व 1 बार मय फोटो परिचय प्रकाशन, विशिष्ठ संरक्षक का आजीवन पत्रिका व प्रत्येक अंक में 10 वर्ष तक नाम का प्रकाशन।

नोट 2. 12 विज्ञापन निरन्तर देने पर 2 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किये जायेंगे। 6 विज्ञापन निरन्तर देने पर 1 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किया जायेगा।

बैंक खाता : कुमावत प्रगति ट्रस्ट, संख्या 13850110020562 यूको बैंक, गांधी सर्किल, जयपुर, IFS Code : UCBA0001385

यदि राशि सीधे बैंक खाते में स्लिप/ऑनलाइन जमा कराई गई है तो कृपया व्हाट्सएप नं. 9549656438 पर रसीद प्रेषित करें।

स्वत्वाधिकार : कुमावत प्रगति ट्रस्ट के लिए प्रकाशक, मुद्रक सी.एम. कुमावत द्वारा राज ब्लॉक्स, बी-81, करतारपुरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018 से प्रकाशित, सम्पादक रमेश चंद कुमावत।

सम्पादकीय

प्रकृति ने इस धरती पर जीव-जन्तु, पशु-पक्षी, मानव, वनस्पति इत्यादि का सृजन किया है, इनमें से कोई भी बेकार नहीं है। इनमें कोई न कोई श्रेष्ठता अवश्य है। ये मानव को दिये गये अनुपम उपहार हैं। हम इनका सम्यक नियोजन करके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ा सकते हैं इसलिए प्रकृति प्रदत्त व ईश्वर प्रदत्त इन साधनों का उपयोग संतुलित रूप से तथा सकारात्मक रूप से करके अपना कायाकल्प किया जा सकता है। हमारे ऋषियों-मुनियों ने अनेक वर्षों तक तपस्या करके इन रहस्यों को जाना और मानव समाज को बताया। अनेक ग्रन्थों की रचनाएं की जिनमें वनस्पति से चिकित्सा, अंतरिक्ष एवं खगोल विज्ञान, आध्यात्मक से सम्बन्धित है। आज हमारे वेद, गीता तथा अनेक दुलर्भ ग्रन्थों पर विश्व में शोध किया जा रहा है तथा हमारी सनातन संस्कृति को अच्छा मानकर अपनाया जा रहा है, यह शुभ संकेत हैं।

जीवन में आगे बढ़ने का अवसर सभी को अवश्य मिलता है जो इसका समय पर सदुपयोग कर लेते हैं वे उनका जीवन आनन्द, उत्साह, हर्ष, प्रेरणा, सौहार्द, जिज्ञासा, प्रेम, शांति एवं विकास से भर जाता है। आलस्यवश अवसर का उपयोग नहीं करने वाले इससे वंचित हो जाते हैं। वहीं अवसर का उपयोग विध्वंश के लिए करने वाले आगे जाकर अपना ही विनाश करते हैं तथा उनके जीवन में पीड़ा, घृणा, असंतोष तथा पश्चाताप के अतिरिक्त कुछ नहीं रहता। अवसर का उपयोग कैसे किया यही हमारा चरित्र और व्यक्तित्व का निर्धारण करता है।

धर्मशास्त्रों में कहा गया है कि अनेक योनियों में भटकने के बाद हमें यह मानव जीवन मिला है। इस जन्म में व्यक्ति अपने सद्विचार एवं सद्कर्म करके समाज को अच्छा बना सकता है तथा ईश्वर भक्ति करके ईश्वर एवं मोक्ष भी पा सकता है। जैसे भक्त प्रहलाद, मीराबाई, बुद्ध, महावीर, नानक, रैदास आदि। यदि हम इतना भी न कर सकें तो अहंकार, क्रोध, वैमनस्य, घृणा जैसी बुराइयों से बचे और करुणा, विनय, क्षमा, सत्य, त्याग, संयम जैसी अच्छाइयों को जीवन में अपना कर समाज उत्थान में सहायक बनें। जीवन की खुशहाली के लिए छोटी-छोटी खुशियां मायने रखती हैं। हमें सफलता तथा असफलता को स्वीकार करना सीखना होगा तब ही हम खुश रह सकते हैं। जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना तथा दूसरों से अच्छे सम्बन्ध बनाकर रखने से जीवन में संतुलन बना रहता है, जो जीवन जीने का मकसद देता है। इसलिए थोड़े से स्वार्थ एवं क्षणिक सुख के लिए किसी के दिल को ठेस नहीं पहुंचाएं बल्की अच्छी वाणी से सभी के हृदय में जगह बनाएं। ऐसा करके अपने व्यक्तित्व को निखार सकते हैं तथा खुशहाल जीवन जीया जा सकता है।

- रमेश कुमावत (गैदर)

हमारी वेवबसाइट www.kumawatindiapatrika.in पर आप 'कुमावत इंडिया' पत्रिका के पिछले अंक व अन्य विवरण देख सकते हैं।

सम्पादकीय	3
पवन कुमार कुमावत	5
महेश कुमार कुमावत	5
मेघना कुमावत महिला एवं बाल विकास समिति सदस्य नियुक्त	5
माइक्रो आर्टिस्ट श्री रामसिंह राजोरिया को राजस्थान गौरव अवार्ड	6
चंचल कुमावत केसी वूमन ऑफ द ईयर	6
डॉ. ललित कुमावत ने MD की	6
त्रिवेणी धाम में 12 जोडों का परिणय हुआ	7
निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन	7
राममंदिर, अयोध्या के मुख्यशिखर पर कलश स्थापित	7
वास्तुकला में कुमावत समाज की तीन पीढ़ियों का अमूल्य योगदान	8
शादी कार्ड पर लिखनी होगी वर-वधू की जन्मतिथि	8
चाकसू में सामूहिक विवाह 5 मई को	8
मनीष को केसरिया हिन्दु वाहिनी की कमान	8
जातीय दिवस एवं स्थापना दिवस मनाया	9
इन्दौर में कुमावत समाज का होली मिलन समारोह	9
महाराष्ट्र में अब कुमावत को ओबीसी आरक्षण	9
चौथ का बरवाड़ा विकास समिति की कार्यकारिणी गठित	9
ईशिता कुमावत को पीजी (बॉटनी) में गोल्ड मैडल	9
मोटापा एक रोग	10
भूरी देवी ने खनन माफिया के खिलाफ उठाई कुल्हाड़ी	10
कुमावत छात्रावास जयपुर को मिला आर्थिक सहयोग	10
शौर्य और पराक्रम के धनी महाराणा प्रताप	11
अनुपम है कुमावत समाज, दातोदा का श्रीराम मंदिर	11
मनोज कुमार, फिल्म अभिनेता	12
ढूंढिये वजह मुस्कुराने की-5	12
मोहन बालोदिया का 116वाँ गोल्डन ऐरा शो सम्पन्न	13
संतोष, होस्टल सुपरिटेण्डेन्ट नियुक्त	13
बरखा ने जीता कांस्य पदक	13
प्रभुदयाल, भारत विकास परिषद के सहप्रभारी नियुक्त	13
डॉ. पवन बासनीवाल को टीचर ऑफ द ईयर अवार्ड	13
परिन्डा अभियान	14
विशाखा कुमावत रिंगस भाजपा मण्डल अध्यक्ष	14
आकांक्षा (कुमावत) सहायक लेखाधिकारी IInd पद पर पदोन्नत	14
कुमावत बंधु भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में चयनित	14
शकुन्तला नाईक का निधन	16
मातृ दिवस	17
इंजीनियरिंग का चमत्कार 'पंबन ब्रिज'	17
9वें गुरु तेग बहादुर का प्रकाश पर्व	17
बुद्ध पूर्णिमा: एक दिन खुद से मिलने का	18
नेकी कर दरिया में डाल	18
वहाट्सएप को यूं निखारे	19
गीता तथा भरतमुनि का नाट्य शास्त्र यूनेस्को की सूची में	19
विशिष्ट संरक्षक सूची व श्रद्धांजलि	20
विवाह योग्य युवक-युवतियों की सूची	21
पत्रिका नहीं मिलने पर सम्पर्क करें	22

मेघना कुमावत

नगर निगम जयपुर हैरिटेज में महिला एवं बाल विकास समिति की सदस्या बनने पर

हार्दिक बधाई

शुभेच्छु

पति : दिलीप वर्मा

सास-ससुर : श्रीमती आरोही देवी- मेजर बी.एल. वर्मा

बहन-बहनोई : श्रीमती अरुणा कुमावत-चंद्र प्रकाश जी वर्मा

पुत्रियां : दिविता वर्मा और लावण्या वर्मा

DIVERSE WEB STRATEGY PRIVATE LIMITED

B-1, Yash Colony, Civil Lines, opposite Ram Mandir, Jaipur

पवन कुमार कुमावत

किशनगढ़ के श्री पवन कुमार कुमावत MA, B.Ed ने अपना जीवन चित्रकला को समर्पित कर दिया है। इनके कला जीवन की यात्रा निम्न प्रकार है:-

अवार्ड्स : ■ राजस्थान ललित कला एकेडमी 2001, 2008, 2024 ■ SCZCC नागपुर, 2000 नेशनल अवार्ड ■ राष्ट्रीय कालीदास अकादमी 2005, 2010, 2014, जयपुर अन्तर्राष्ट्रीय आर्ट फेस्टिवल 2012, ■ आर्टिस्ट ऑफ द डे अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार मेला कमेटी-2012 ■ राजस्थान ललित कला अकादमी (स्टूडेन्ट) अवार्ड 1991 ■ प्रोढ़ शिक्षा निदेशालय अवार्ड पोस्टर कम्पिटिशन ■ संस्कृति संवर्धन सम्मान, 2022 ■ आजादी का अमृत महोत्सव, ■ उत्सव मंच, अजमेर अवार्ड ■ विश्व पर्यावरण दिवस, 2013 पर अजमेर म्यूजियम द्वारा सम्मानित इत्यादि अन्य अवार्ड्स।

श्री पवन कुमार कुमावत ने अनेक आर्ट्स कैम्प में भाग लिया है तथा इनकी एकल व ग्रुप पेंटिंग्स को देश-विदेश में सराहा गया है। ये स्कूल प्राचार्य के पद से सेवानिवृत्त हैं। हाल ही में जवाहर कला केन्द्र में आपने अपने चित्रों की प्रदर्शनी लगाई एवं लाइव डेमो दिया।

महेश कुमार कुमावत



किशनगढ़ के महेश कुमार कुमावत, असिस्टेंट प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय पिण्डवाड़ा (सिरोही) में कार्यरत है। इन्होंने अपनी पेंटिंग्स की प्रदर्शनी जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में लगाई है। जिन्हें दर्शकों द्वारा सराहा गया। ये किशनगढ़ के निवासी हैं एवं प्रतिभावान व उम्दा आर्टिस्ट हैं। इन्हें निम्न पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है:-

राष्ट्रीय कालीदास पुरस्कार-2007, राजस्थान ललित कला अवार्ड (स्टूडेन्ट केटेगरी) 2003 एवं 2004, राजीव गांधी के 75वें जन्म दिवस पर पेंटिंग, राजस्थान ललित कला अकादमी प्रतियोगिता 2020 पुरस्कार, राजस्थान ललित कला अकादमी राज्य पुरस्कार, 2023। इन्होंने अनेक वर्कशॉप में हिस्सा लिया तथा लैण्डस्केप डेमोस्ट्रेशन दिया है।

मेघना कुमावत महिला एवं बाल विकास समिति सदस्य नियुक्त

मेघना कुमावत को नगर निगम जयपुर हैरिटेज की महिला एवं बाल विकास समिति में सदस्य नियुक्त किया गया है। ये सिविल लाइंस मंडल महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष के रूप में लंबे समय से समाजसेवा में सक्रिय हैं। इनकी यह नियुक्ति महिला सशक्तिकरण, बाल विकास एवं सामाजिक नेतृत्व की दिशा में सशक्त कदम है।

समर्पित कार्यकर्ताओं को जब जिम्मेदारी मिलती है, तो समाज बदलता है। इनके सामाजिक सुधार पर अनेक लेख 'कुमावत इंडिया' पत्रिका में प्रकाशित हो चुके है।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से **मेघना कुमावत** को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

31 मार्च को मूर्तिकार नरेश कुमावत को बागेश्वर धाम सरकार के पावन धाम में दर्शन और पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। परम पूज्य आचार्य श्री धीरेंद्र शास्त्री जी से आशीर्वाद मिलना एक दिव्य अनुभूति रही। उनकी ओजस्वी वाणी और आध्यात्मिक ऊर्जा ने मन को गहराई से स्पर्श किया। जय श्री हनुमान!

माइक्रो आर्टिस्ट श्री रामसिंह राजोरिया को राजस्थान गौरव अवार्ड

दुनिया की सबसे छोटी हस्तलिखित श्रीमदभगवदगीता और माइक्रो आर्ट में अदभुत काम के लिए राजस्थान गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह उनके लिए तथा कुमावत समाज के लिए बहुत गर्व और खुशी का क्षण था कि अन्य सामाजिक संस्थाएं भी हमारे आर्ट को समझ कर सम्मान कर रही है।

श्री राम सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल उनके समर्पण और जुनून की पहचान है, बल्कि यह भी याद दिलाती है कि कोई भी सपना छोटा नहीं होता।

इस तरह के भव्य और यादगार कार्यक्रम के आयोजन के लिए उन्होंने पंकज खटवानी और राम सिंह चौहान को दिल से धन्यवाद दिया और कहा कि इनका समर्थन और प्रोत्साहन उनके लिए बहुत मायने रखता है। वे रचनात्मकता और समर्पण की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए गहराई से वे सम्मानित और प्रेरित महसूस कर रहे है।

इसके बाद योगगुरु बाबा रामदेव जी से मिल कर विश्व की सूक्ष्मतम हस्तलिखित श्रीमदभगवतगीता का अवलोकन कराया। साथ ही बाबा रामदेव जी को चावल के एक छोटे से दाने पर उकेरे गए श्री गणेश जी के चित्र के साथ उनका नाम भेंट स्वरूप प्रदान किया।

इस गरिमामयी कार्यक्रम में राजस्थान के महामहिम राज्यपाल श्री हरिभाऊ किशनराव जी, माननीय शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर जी, श्री किरोड़ी लाल मीणा जी, IPS श्री एन पी सिंह जी तथा भारतीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

सभी ने इस अद्वितीय कला कृति को श्रद्धा और आदर भाव से देखा तथा डॉ. राजोरिया जी के कार्य की प्रशंसा की।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से माईक्रो आर्टिस्ट रामसिंह राजोरिया को हार्दिक बधाई।

चंचल कुमावत केसी वूमन ऑफ द ईयर

चंचल कुमावत एक जीवंत सामुदायिक नेता हैं, जिनके काम ने केसी में हज़ारों लोगों का उत्थान किया है। साथी एमएए एसोसिएशन के ज़रिए घरेलू हिंसा के पीड़ितों की मदद करने से लेकर चैरिटी थिएटर और उद्यमी बाज़ारों के आयोजन तक, सामाजिक बदलाव के प्रति उनके समर्पण ने उन्हें स्वयंसेवा और सशक्तिकरण के लिए कई पुरस्कार दिलाए हैं। इनमें है 2025 केसी कम्युनिटी ग्रुप ऑफ द ईयर पेनिनसुला कम्युनिटी लीगल सेंटर इंक.

यह प्रायद्वीप सामुदायिक कानूनी केंद्र इंक. (पीसीएलसी) एक गैर-लाभकारी संगठन है जो मेलबर्न के बाहरी दक्षिण-पूर्व में कमजोर और वंचित व्यक्तियों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करता है। 1977 से, पीसीएलसी ने कानूनी सेवा वितरण, शिक्षा और कानून सुधार के माध्यम से सामाजिक न्याय की वकालत की है। इसका उद्देश्य कानूनी संसाधनों तक समान पहुँच सुनिश्चित करना और अपने समुदाय के सदस्यों के जीवन को बेहतर बनाना है।

इन्हें केसी पर्यावरण और स्थिरता चैंपियन पुरस्कार-2025 फियोना स्माल भी मिला है। फियोना ने पर्यावरण संरक्षण और कोआला की सुरक्षा के लिए असाधारण प्रतिबद्धता दिखाई है। कोआला कॉर प्रोजेक्ट के साथ साझेदारी करते हुए, फियोना ने 3,000 पेड़ लगाए हैं।

डॉ. ललित कुमावत ने MD की

डॉ ललित कुमावत S/o श्री मोहन लाल कुमावत जी राहौरिया निवासी छबड़ा जिला बारां (राजस्थान) ने RESPIRATORY MEDICINE में MD करके परिवार व समाज का नाम रोशन किया है।

डॉ ललित कुमावत के पिता श्री मोहन लाल कुमावत रिटायर्ड व्याख्याता हैं। बड़ा भाई लोकेश कुमावत MBA करके मैनेजर के पद पर कार्यरत है और छोटे भाई डॉ लालकृष्ण कुमावत ने MBBS कर ली है।

डॉ. ललित कुमावत को MD करने एवं डॉ. लालकृष्ण कुमावत को MBBS करने पर 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से हार्दिक बधाई।

पवन कुमार चेजारा, पापड़ा, उदयपुरवाटी का सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (CHO) राजस्थान में चयन होने पर बधाई।

त्रिवेणी धाम में 12 जोडों का परिणय हुआ

श्री क्षत्रिय कुमावत समाज सामूहिक विवाह एवं विकास समिति, त्रिवेणी धाम, जयपुर द्वारा 16वां सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन त्रिवेणीधाम में किया गया।

इस अवसर पर 12 दूल्हों की भव्य बारात निकाली गयी जो कुमावत धर्मशाला पहुंची। वहा तोरण की रस्म हुई। इसके बाद आशीर्वाद तथा वर-वधुओं का वैदिक मंत्रोच्चारण एवं रीति-रिवाजों के साथ परिणय-सूत्र में बंधन हो अपने भावी जीवन में कदम रखा। समिति द्वारा वर-वधुओं को उपहार दिये गये।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मनीष यादव, व भाजपा नेता आशीष धनखड थे। समारोह की अध्यक्षता नारायण लाल दम्बीवाल ने की। अतिथियों में कृष्ण कुमार धुन्धारिया, विमलेश बारावाल, 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की सचिव, कुमावत समाज विकास समिति मालवीय नगर जयपुर की अध्यक्ष तथा सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा की महिला अध्यक्ष श्रीमती भारती वर्मा (कुमावत), भाजपा ओबीसी मोर्चा जयपुर शहर के जिलाध्यक्ष श्री चेतन कुमावत, डा. सुनिता, डा. सीताराम, संतोष बालोदिया थे। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। मंच का संचालन जगदीश महाराज ने किया। इस अवसर पर नव निर्मित विवाह स्थल का उद्घाटन खोजीद्वाराचार्य रामरिछपाल महाराज के द्वारा फीता काटकर किया गया। सामुहिक विवाह से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बहुत लाभ होता है तथा वे जीवनभर आर्थिक जंजाल में घिरने से बच जाते है।

समिति अध्यक्ष श्री अशोक मारवाल ने पधारे हुए अतिथियों, भामाशाहों, कार्यकर्ताओं तथा समाजजनों का आभार प्रकट किया।

श्री कुमावत क्षत्रिय महिला विकास संस्था द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

जयपुर, 14 अप्रैल 2025। श्री कुमावत क्षत्रिय महिला विकास संस्था, जयपुर की ओर से एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का बाल निवास परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें 60 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर का शुभारंभ संस्था की संचालिका श्रीमती उमा माचीवाल ने दीप प्रज्वलन कर किया। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती शोभा गहलोत ने उपस्थित चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों का हार्दिक स्वागत करते हुए उनका सम्मान किया। इस अवसर पर संस्था के लगभग सभी सदस्य मौजूद रहे और आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

शिविर में डॉ. निमिता भारती, डॉ. आशा लता, डॉ. कविता भाटी, रिटायर्ड मेल नर्सिंग स्टाफ श्री भंवरलाल जी, तथा लैब टेक्नीशियन ज्ञानेंद्र राज ने अपनी नि:स्वार्थ सेवाएं प्रदान कीं। उनकी सेवा भावना के लिए संस्था हृदय से आभार व्यक्त करती है तथा आशा करती है कि भविष्य में भी वे इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में संस्था के साथ जुड़े रहेंगे। संस्था के इस शिविर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श तथा दवाइयों का वितरण किया गया। मरीजों ने संस्था की इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी शिविर आयोजित करने का आग्रह किया।

इस आयोजन की सफलता संस्था की मजबूत और समर्पित महिला टीम का परिणाम है। संस्था इस मौके पर अपनी टीम के लिए कहती है-

''कोमल है, कमजोर नहीं, शक्ति का नाम ही नारी है।
ऐसा कोई आसमान नहीं, जहां हम उड़ान नहीं भर सकते।''

इस प्रेरणादायी पहल के लिए समाज की सभी जागरूक व समर्पित महिलाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

राममंदिर, अयोध्या के मुख्यशिखर पर कलश स्थापित

14 अप्रेल 2025 को अयोध्या के राममंदिर को मुख्य शिखर पर कलश की स्थापना हो गई। नारियल के आकार में बंशी पहाडपुर के गुलाबी पत्थर ने निर्मित 3500 किग्रा वजनी कलश है। इसे टावर क्रेन से ऊपर ले जाकर सावधानी से स्थापित किया गया। मुख्य शिखर में 29 लेयर में लगभग 32 हजार घनफुट पत्थर संजोये गये हैं। निर्माण का मुख्य दायित्व L & T Co. का था किन्तु कार्य चुनौतिपूर्ण होने से अन्य एजेंसियों के तकनीशियनों का भी सहयोग लिया गया। इसके साथ ही नवरत्नों को भी स्थापित किया गया है। इससे राम मंदिर और निखरेगा।

Created by Universal Document Converter

वास्तुकला में कुमावत समाज की तीन पीढ़ियों का अमूल्य योगदान

श्री राज सिंह भदानिया, निवासी जयपुर शहर ने इस पत्रिका को बताया कि जयपुर के प्रथम सिनेमाघर मानप्रकाश टाकिज का निर्माण करने पर उनके पडदादाजी **स्व. श्री राम सहाय मिस्त्री (भदानिया)** निवासी जयपुर को सन् 1935 में अवार्ड देकर सम्मानित किया गया था। यह हमारे समाज के लिए गौरव की बात है कि ऐसी हस्तियां हमारे समाज में हुई है। श्री रामसहाय जी से प्रारम्भ हुई पीढ़ी में आगे जाकर **श्री किस्तूर चंद जी भदानिया** हुए जिन्होंने अपने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए वास्तुशिल्प की परम्परा को आगे बढ़ाया तथा दिल्ली में एक प्रतिष्ठित वास्तुकार के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने अपनी कला में आधुनिकता और व्यवहारिकता का अद्‌भुत संतुलन किया तथा दिल्ली के अनेक प्रतिष्ठित भवनों तथा शहरी परियोजनाओं को डिजाइन किया। इनके बाद श्री भंवर सिंह भदानिया हुए जो अपने दादा एवं पिता दोनों की विरासत को आगे बढ़ाते हुए उसमें रचनात्मकता, सौन्दर्य बोध तथा जिम्मेदारी के साथ कुमावत समाज की भावना को अपने कार्यों में समाहित किया। बाद में वे दिल्ली चले गए और नगर नियोजन की शिक्षा प्राप्त टाउन प्लानिंग में डिग्री प्राप्त की। अपनी मेहनत, प्रतिभा और दूरदर्शिता के कारण वे सहायक नगर नियोजक के पद तक पहुंचे। इन्होंने शहरी विस्तार, सड़क निर्माण, आवासीय कॉलोनियों का नियोजन तथा ग्रामीण विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का अभूतपूर्व कार्य किया। जिसमें उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबन्धन, हरित क्षेत्र विकास तथा जन सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जो उनकी दूर दृष्टि को प्रकट करता है। उन्होंने राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर में अपनी अनूठी छाप छोड़ी, उनके द्वारा 22 सिनेमाघरों का डिजाइन किया गया।



आगामी पीढ़ी में **श्री राजसिंह भदानिया** हुए जिन्होंने अपने पिता भंवरसिंह भदानिया की रचनात्मक परम्पराओं को आगे बढ़ाया। इन्होंने निर्माण और वास्तुशिल्प के क्षेत्र में अनेक फ्लैटस, कामर्शियल काम्प्लैक्सेस डिजाइन किए हैं। इसकी आगामी पीढ़ी में **श्री निखिल भदानिया** (सिविल इंजीनियर) और **अखिल भदानिया** (आर्किटेक्ट) हुए जो भदानिया परिवार की 5वीं पीढ़ी है। इन दोनों भाईयों ने मिलकर वास्तुकला के निर्माण हेतु एक फर्म बनाकर कार्य कर रहे हैं तथा इन्होंने भी आवासीय फ्लैट्स तथा कामर्शियल बिल्डिंग्स का निर्माण करने का कार्य किया है। कम समय में ही इन्होंने वंशानुगत परम्परा के क्षेत्र में सृजनशीलता और दूरदिर्शता के माध्यम से अपनी छवि बनाई है।

हमारे समाज में अनेक परिवारों द्वारा वास्तुकला एवं निर्माण के क्षेत्र में अद्‌भुत कार्य किए हैं। ऐसी हस्तियों की जानकारी जिन समाजबंधुओं के पास है उनकी जानकारी है वो कृपया इसकी सूचना 'कुमावत इंडिया' पत्रिका को भिजवाएं, उन्हें प्रकाशित करके हमें खुशी होगी।

प्रशासन की एक अच्छी पहल

कोटा : बाल विवाह रोकने को शादी के कार्ड पर लिखनी होगी वर-वधू की जन्मतिथि

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर अबूझ सावा एवं पीपल पूर्णिमा सहित अन्य अवसर पर संभावित बाल विवाह की रोकथाम को लेकर आदेश जारी किए हैं। आदेश में विवाह निमंत्रण पत्र छापने वाले मुद्रकों, संचालकों को निमंत्रण पत्रों में वर-वधू के आयु संबंधी प्रमाण पत्र प्राप्त कर जन्म तिथि का अंकन करने के लिए पाबंद किया है। 'विवाह के लिए लड़की की आयु 18 वर्ष तथा लड़के की आयु 21 वर्ष होना अनिवार्य है' का भी निमंत्रण पत्र में अंकन करना होगा।

बाल विवाह रोकने की यह सार्थक एवं सराहनीय प्रशासनिक पहल है।

श्री तरुण कुमावत एडवोकेट (जयपुर) को राजस्थान उच्च न्यायिक सेवा (ADJ) में सफल होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

चाकसू में सामूहिक विवाह 5 मई को

श्री कुमावत क्षत्रिय समाज विकास समिति चाकसू के तत्वावधान में जानकी नवमी के अवसर पर सोमवार **5 मई** को जीआर पैरेडाईज चाकसू में कुमावत क्षत्रिय समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 21 जोड़ों का विवाह किया जाना प्रस्तावित है।

कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष रामफूल जूनवाल द्वारा यह सूचना प्रसारित की गई है।

मनीष को केसरिया हिन्दु वाहिनी की कमान

केसरिया हिन्दू वाहिनी के राजस्थान प्रदेश युवा प्रकोष्ठ प्रभारी मनीष कुमावत, जयपुर को नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति से केसरिया हिन्दु वाहिनी संगठन ऊर्जावान एवं सुदृढ़ होगा। ये हिन्दुओं को संगठित कर धर्म और राष्ट्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान देंगे।

श्री अरुण जी कुमावत एडवोकेट (ब्यावर) को कन्ज्यूमर्स कोर्ट का चेयरमैन बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

Created by Universal Document Converter

जातीय दिवस एवं स्थापना दिवस मनाया

06 अप्रैल 2025 को कुमावत समाज जातीय दिवस एवं 'सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा' रजि. के स्थापना दिवस पर प्रात: भगवान श्री राम की पूजा की। श्री वीर तेजाजी के मंदिर, शिल्प कॉलोनी, झोटवाड़ा, जयपुर से महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी जो दादूद्वारा बगीची, कुमावत कॉलोनी, झोटवाड़ा, जयपुर पहुंच कर संपन्न हुई। इस अवसर पर वार्ड 38 के पार्षद श्री सुमेर सिंह जोधा, वार्ड 34 के पार्षद चेयरमैन श्री रामकिशोर, पूर्व उप महापौर श्री विमल अनावड़िया,'सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा' रजि. के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामेश्वर बंबोरिया, महामंत्री श्री रूपसिंह कारगवाल उपस्थित रहे।

कलश यात्रा 2025 की आयोजन समिति के संयोजक श्री विष्णु कुमार खोरानिया, उपसंयोजक श्री जयप्रकाश सिरोहिया, श्रीमती मंजू किरोड़ीवाल (संयोजक महिला वर्ग) श्रीमती तारा देवी माचीवाल (उपसंयोजक महिला वर्ग) एवं सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा विद्याधर नगर विधान सभा इकाई अध्यक्ष श्री सत्यनारायण मारवाल ने कलश यात्रा में भाग लेने वाली सभी महिलाओं एवं मेहमानों तथा कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।

सवाईमाधोपुर, भीलवाड़ा, किशनगढ़, उदयपुर, सावेर आदि स्थानों से भी रामनवमी पर जुलूस, झांकियां निकालकर जाति दिवस मनाने के समाचार ज्ञात हुए हैं।

इन्दौर में कुमावत समाज का होली मिलन समारोह

19 मार्च 2025 रंगपंचमी को श्री राजस्थान कुमावत क्षत्रिय समाज की साधारण सभा की बैठक एवं होली मिलन समारोह तथा 60वें वर्ष का आयोजन कुमावत माँगलिक भवन, साकेत नगर, इंदौर में सम्पन्न हुआ। जिसमें समाजजन उपस्थित हुवे, लेखा-जोखा बताया गया तथा समाज के सभी सदस्यों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। समाज के सरंक्षक श्री दिलीप सिंह वर्मा ने समाज में चल रहे कामों की जानकारी दी। समाज के अध्यक्ष श्री रामचन्द्र (बाबूलाल) वर्मा ने समाज के अतीत की खूबसूरत यादों के बारे में जानकारी दी।

कुमावत नवयुवक मंडल के सामाजिक प्रगति के लिये किये गये कार्यों का महत्व बताया तथा उन कार्यों की प्रशंसा की।

महाराष्ट्र में अब कुमावत को ओबीसी आरक्षण

जब से भारत में अन्य पिछड़ा वर्ण (ओबीसी) को सरकारी नौकरियों व राजनैतिक संस्थाओं में आरक्षण का लाभ मिला तब से राज्य सरकारों ने अपने-अपने राज्यों में इन्हें आरक्षण दिया। भारत भर के कई राज्यों में कुमावत समाज को भी आरक्षण मिला पर महाराष्ट्र में कुमावत जाति को आरक्षण नहीं मिल पाया था।

कुमावत समाज विकास सेवा संगठन, महाराष्ट्र के अथक प्रयासों से अब जाकर कुमावत जाति को बेलदार जाति की उपजाति का दर्जा देकर लाभ दिया गया है।

पुणे में 75 समाज बंधुओं को कुमावत बेलदार जाति का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इससे हमारे समाज के लोग राजनीति एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ लेकर उच्च पदों पर चयनित हो सकेंगे।

बिना रोये माँ भी दूध नहीं पिलाती इसी प्रकार सरकार को निरन्तर ज्ञापन व मांग-पत्र दिये जाने पर ही समाज की संस्था के प्रयास सफल हो पाये हैं। समाज में ऐसे ही कार्य मिलकर किए जाएं तो सभी समस्याओं का निदान संभव है।

चौथ का बरवाड़ा समाज व धर्मशाला विकास समिति की नवीन कार्यकारिणी गठित

20.4.2025 को क्षत्रिय कुमावत समाज धर्मशाला विकास समिति की मीटिंग क्षत्रिय कुमावत समाज धर्मशाला चौथ का बरवाड़ा के सभा भवन में आयोजित की गई जिसमें नवीन कार्यकारिणी निर्विरोध गठित की गई जिसमें सर्वसम्मति से बाबूलाल कुमावत, चौथ का बरवाड़ा अध्यक्ष, रामचरण कुमावत पावोडेरा उपाध्यक्ष, मुरारीलाल कुमावत पावोडेरा कोषाध्यक्ष व राकेश कुमावत चौथ का बरवाड़ा को मंत्री बनाया गया इसके बाद सभी नवगठित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह व नवीन कार्यकारिणी का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें साफा व माला पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस दौरान मीटिंग में टोंक, सवाईमाधोपुर, जयपुर, कोटा, बूंदी, अजमेर व भीलवाड़ा से समाजबन्धु उपस्थित हुए।

ईशिता कुमावत को पीजी (बॉटनी) में गोल्ड मैडल

महर्षी दयानन्द सरस्वती यूनिवर्सिटी के 12वें दिक्षान्त समारोह में ईशिता कुमावत को पीजी (बॉटनी) में गोल्ड मैडल देकर सम्मानित किया गया। ईशिता के पिता श्री नरेन्द्र कुमावत की परचूनी की दुकान है ईशिता भविष्य में कॉलेज लेक्चरर बनने लक्ष्य रखती है।

Created by Universal Document Converter

मोटापा एक रोग

मोटापा एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर में अत्यधिक चर्बी जमा हो जाती है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। इसे आमतौर पर बॉडी मास इंडेक्स (BMI) का उपयोग करके मापा जाता है, जो किसी व्यक्ति के वजन और ऊंचाई का अनुपात है।

मोटापे के कई कारण हो सकते हैं, जैसे— ■ **अस्वास्थ्यकर आहार:** उच्च कैलोरी, वसा और शर्करा वाले खाद्य पदार्थों का सेवन। ■ **शारीरिक गतिविधि की कमी:** व्यायाम न करना या बहुत कम करना। ■ **आनुवंशिकी:** कुछ लोगों में मोटापे की प्रवृत्ति विरासत में मिल सकती है। ■ **चिकित्सा स्थितियां:** कुछ चिकित्सा स्थितियां और दवाएं वजन बढ़ा सकती हैं। ■ **तनाव और भावनात्मक कारक:** कुछ लोग तनाव या उदासी में अधिक खाते हैं।



मोटापे के जोखिम इस प्रकार है :- ■ **हृदय रोग:** — उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। ■ **मधुमेह:** -टाइप 2 मधुमेह का खतरा बढ़ जाता है। ■ **कैंसर:** -कुछ प्रकार के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। ■ **जोड़ों की समस्याएं:** -ऑस्टियोआर्थराइटिस जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ■ **सांस की समस्याएं:** -स्लीप एपनिया जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ■ **मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं:** -अवसाद और चिंता जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

मोटापे का इलाज सम्भव है, इसके लिए :— ■ **आहार में बदलाव:** स्वस्थ आहार खाना, जिसमें फल, सब्जियां, साबुत अनाज और कम वसा वाले प्रोटीन शामिल हों। ■ **शारीरिक गतिविधि बढ़ाना:** नियमित रूप से व्यायाम करना, जैसे कि चलना, दौड़ना या तैरना। ■ **दवाएं:** कुछ दवाएं वजन घटाने में मदद कर सकती हैं, लेकिन इन्हें डॉक्टर की सलाह पर ही लेना चाहिए। ■ **सर्जरी:** गंभीर मामलों में, तथा 35 से ज़्यादा BMI वाले रोगी को वजन घटाने के लिए सर्जरी की जा सकती है।

मोटापे से बचाव के लिए हमें :-

■ **स्वस्थ आहार खाना:** संतुलित आहार खाना ,जिसमें अधिक प्रोटीन और फाइबर तथा कम मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, न्यूनतम मीठा और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों और शर्करा युक्त पेय पदार्थों से बचना। Fast Food बहुत हानिकारक हैं। ■ **नियमित रूप से व्यायाम करना:** हर दिन कम से कम 30 मिनट व्यायाम करना। ■ **तनाव का प्रबंधन करना:** तनाव कम करने के लिए योग, ध्यान या अन्य तकनीकों का उपयोग करना। ■ **पर्याप्त नींद लेना:** हर रात 7-8 घंटे सोना। ■ **नियमित रूप से डॉक्टर से जांच कराना:** अपने वजन और स्वास्थ्य की निगरानी करना।

यदि आपको मोटापे के बारे में कोई चिंता है, तो कृपया अपने डॉक्टर से सलाह लें। वे आपको इसका उचित निदान और उपचार दे सकते हैं।

मोटापा कम करने के लिए कई लोग केवल डाइट पर निर्भर करते हैं और कुछ लोग केवल व्यायाम पर निर्भर करते हैं, दोनों ही सही तरीक़े नहीं हैं । Multidisciplinary Approach से इसका उपचार किया जा सकता है। इसलिए लापरवाही नहीं बरते और समय रहते इसका निदान करायें।

- डॉ. पी.एम. कुमावत

भूरी देवी ने खनन माफिया के खिलाफ उठाई कुल्हाड़ी

बालापुरा गांव, कादेड़ा, अजमेर में खारी नदी से बजरी का अवैध खनन किया जा रहा था। गांव की महिलाओं ने हाथों में कुल्हाड़ी और डंडे लेकर डम्पर को रोक दिया और उनसे बजरी खाली करवा ली तथा इसके बाद वे धरने पर बैठ गई।

खनन माफियाओं ने गांव के लोगों को धमकाया और गाली गालेच की तथा कहा कि यदि उन्हें रोका तो उन्हें बजरी के साथ गाड़ देंगे। वहीं भूरी देवी कुमावत ने साहस दिखाते हुए कहा कि हमें बेलन की जगह कुल्हाड़ी उठानी पड़ी है, अब तो उनकी लाशों पर से ही बजरी ले जाए। इस मामले की शिकायत जिला कलेक्टर व संभागीय आयुक्त से की और पुलिस गश्त बढ़ा दी गई।

कुमावत छात्रावास जयपुर को मिला आर्थिक सहयोग

कुमावत समाज के कुछ अधिकारियों एवं कर्मचारियों स्वविवेक से कुमावत शिक्षा कोष ट्रस्ट के समक्ष छात्रावास की कमी से समाज की प्रतिभाओं के आगे न बढ़ पाने की पीढ़ा व्यक्त की और उन्होंने छात्रावास के निर्माण हेतु 65 लाख का सहयोग दिया तथा आगे 35 लाख का सहयोग और देने का विश्वास दिलाया। इनमें कुछ भामाशाह भी सम्मिलित थे। समाज के छात्रावास के लिए यह प्रस्ताव प्रशंसनीय है।

Created by Universal Document Converter

महाराणा प्रताप के जन्म दिवस 9 मई पर विशेष

शौर्य और पराक्रम के धनी महाराणा प्रताप

भारत के इतिहास में राजपूताना का शौर्य कण-कण में विद्यमान है यहां के रणबांकुरों ने अपने देश और धर्म के लिए बलिदान देने में जरा भी संकोच नहीं किया। राजपूतों ने अपनी स्वतंत्रता के लिए भरपूर संघर्ष किया जिसमें मेवाड़ का विशेष योगदान रहा है। मेवाड़ के महाराणा प्रताप पूरी दुनिया में एक मिसाल के तौर पर जाने जाते हैं। जिन्होंने तत्कालीन मुगल शासक अकबर की सेना से भरपूर लोहा लिया तथा जंगलों में रहना मंजूर किया, किंतु अकबर की दासता स्वीकार नहीं की।

9 मई, 1540 को महाराणा प्रताप का कुम्भलगढ़ में मेवाड़ के सिसोदिया वंश में जन्म हुआ। इनके पिता महाराणा उदय सिंह द्वितीय थे। बचपन से ही प्रताप शस्त्र कला में निपूण थे तथा शौर्य उनके रग-रग में था। वर्ष 1567 में 27 वर्ष की उम्र में ये मेवाड़ के उत्तराधिकारी बने उसके कुछ समय बाद ही अकबर की मुगल सेना ने चित्तौड़ को घेरकर लिया तथा महाराणा उदयसिंह को मेवाड़ की सेना सहित चित्तौड़ छोड़कर गोगुन्दा जाना पड़ा। उदयसिंह की मृत्यु के पश्चात 1572 में महाराणा प्रताप मेवाड़ के राणा घोषित हुए। वे चित्तौड़ को पुन: प्राप्त करने के लिए रात-दिन सोचा करते थे। अकबर ने उन्हें अधीनता स्वीकार करके संधि करने का प्रस्ताव दिया किन्तु उन्होंने इससे इनकार कर दिया। उसके बाद अकबर ने प्रताप को वश में करने के लिए मानसिंह के नेतृत्व में सेना भेजी तथा हल्दीघाटी के युद्ध में प्रताप की एक छोटी सेना ने अकबर की एक बड़ी सेना को जबर्दस्त शिकस्त दी। यद्यपि वामपंथी इतिहासकारों ने हल्दीघाटी में अकबर की जीत बताई परन्तु वास्तविकता यह है कि यह युद्ध अनिर्णित रहा तथा मुगल सेना को पीछे हटना पड़ा।

महाराणा प्रताप के शौर्य एवं बल का परिचय इस बात से भी होता है कि उनके भाले का वजन 80 किलो और कवच 72 किलो का था। इसे मिलाकर सभी शस्त्रों का कुल वजन 200 हुआ करता था जिसे वो चेतक घोड़े पर सवार होकर युद्ध किया करते थे। अकबर के एक सिपहसालार को तो उन्होंने सिर से लेकर पूरे धड़ तथा उसके घोड़े को अपनी तलवार के वार से दो भागों में काट दिया था।

महाराणा प्रताप ने समाज के विभिन्न समुदायों को जोड़कर मेवाड़ा के इस संघर्ष को जनआन्दोलन बना दिया था। शांतिकाल के दौरान महाराणा प्रताप ने अपनी रियासत में जनहित के अनेकों कार्य करवाए जो एक श्रेष्ठ शासक के गुण कहे जा सकते हैं। आज देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी स्वदेश प्रेम तथा अदम्य साहस के प्रतीक महाराणा प्रताप को आदर से याद किया जाता है।

अनुपम है कुमावत समाज, दातोदा का श्रीराम मंदिर

क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत समाज, दातोदा का श्रीराम मंदिर एवं सामुदायिक भवन, औंकारेश्वर रोड, इन्दौर (म.प्र.) में स्थित है, जो वर्ष 2013 में भामाशाहों के सहयोग से बना। यहां मंदिर में शिवालय भी हैं साथ ही बड़ा हॉल, तीन मंजिला सामुदायिक भवन, खाना बनाने का स्थान तथा भोजन कराने का पर्याप्त स्थान है। इस परिसर को समारोह व कार्यक्रम के लिए केवल कुमावत समाज का 2100 रुपये शुल्क देकर ले सकता है, जिसमें बिस्तर, मेट, पंखे, कूलर, बर्तन आदि भी नि:शुल्क उपलब्ध कराये जाते हैं।

मंदिर में दर्शनार्थ किसी भी समाज का व्यक्ति आ सकता है। जब कोई कार्यक्रम होता है तो नियम है कि सर्वप्रथम भगवान को भोग लगाया जाता है, इसके साथ ही वहां के पंडित जी (महाराज) को भोजन की थाली भेजी जाती है। तत्पश्चात पहले कुमावत समाजजन भोजन करते हैं। उसके बाद ही अन्य समाज के लोगों को भोजन कराया जाता है। भोजन के लिए सबसे पहले महिलाओं को बैठाया जाता है, जब वे भोजन करके चली जाती हैं फिर कोई महिला नहीं आती उसके बाद समाज के पुरुष भोजन करते हैं। यहां यह बताना उचित होगा कि भोजन के लिए सभी पंक्तिबद्ध होकर बैठते हैं, फिर पत्तल में भोजन परोसा जाता है लेकिन जब भोजन करने के लिए कहा जाता है तब ही वे भोजन ग्रहण करते हैं। कोई भी पत्तल में भोजन झूंठा नहीं छोड़ सकता है। जब पंक्ति के सभी लोग भोजन ग्रहण कर लेते हैं तो उन्हें उठने के लिए कहा जाता है तब ही वे पंक्ति से उठते हैं। भोजन व्यवस्था के लिए कुमावत समाज के प्रत्येक घर से युवा आते हैं तथा बाहर से व्यवस्था नहीं की जाती है। सभी लोग बड़े आनन्द से सम्मिलित होते हैं।

हमारे समाज को यहां की सामाजिक एकता, नियम से चलने, भोजन झूंठा नहीं छोड़ने, त्याग व समर्पण की भावना प्रेरणा लेने योग्य है। नाममात्र के शुल्क में सामुदायिक भवन उपलब्ध कराकर दातोदा कुमावत समाज को अच्छा संदेश दे रहा है कि कैसे सामूहिक सामाजिक काम किये जाने चाहिये।

यह जानकारी हमारे व्यवस्थापक मंडल सदस्य श्री प्रभुदयाल तुनगरिया, किशनगढ़ द्वारा उपलब्ध कराई गई है।

Created by Universal Document Converter

मनोज कुमार, फिल्म अभिनेता

भारत विभाजन के बाद एटमाबाद (पाकिस्तान) से भारत आने के बाद पहचान की जद्दोजहद में थे मनोज कुमार। वर्ष 1948 में दिलीप कुमार की 'शहीद' देखने के बाद उनमें उम्मीदों का सूर्योदय हुआ। उन्होंने सोचा कि फिल्में केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं अपितु इसके माध्यम से देखभक्ति का नवीन संदेश भी लोगों को दिया जा सकता है। उनका वास्तविक नाम हरिकृष्ण गोस्वामी था, फिल्म **शबनम** देखकर उन्होंने अपना नाम बदलकर मनोज कुमार रख लिया। वर्ष 1957 में उन्होंने '**फैशन**' फिल्म से फिल्मी जीवन की शुरुआत की तब उनकी उम्र 19 साल थी, जिसमें उनकी छोटी सी भूमिका 90 वर्ष के भिखारी की थी। उनकी प्रारम्भिक फिल्में '**हरियाली और रास्ता**' और '**हिमालय की गोद में**' थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने वर्ष 1965 में शहीद फिलम देखकर उन्हें 'जय जवान, जय किसान' की थीम पर फिल्म बनाने की सलाह दी। उन्होंने वर्ष 1967 में '**उपकार**' बनायी जिसमें एक गाना '**मेरे देश की धरती सोना उगले...**' आज भी सुने तो यह देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर देता है। इस फिल्म में उनकी पहचान भारत कुमार के रूप में हुई जिसकी चमक '**पूरब और पश्चिम**', '**रोटी कपड़ा और मकान**' तथा '**क्रांति**' में और उभरी।

70 के दशक के जाने माने एक्टर मनोज कुमार को वर्ष 1992 में पद्मश्री से नवाजा गया। ऐसे व्यक्तित्व कम ही हुए जिन्होंने फिल्म पटकथा लेखन, संपादन, गीतकार की प्रतिभा हो, जो मनोज कुमार में थी। उन्होंने कहा कि वे भारत कुमार बनकर बार-बार इसलिए पर्दे पर आते हैं ताकि लोग अपने देश के सांस्कतिक वैभव से जुड़ सकें। वे कहते थे मैं फिल्मों में देशप्रेम के गीत गाने आया हूँ, उन्हें देश भक्ति से प्रेम है।

87 वर्षीय मनोज कुमार कुछ समय से बीमार थे तथा कोकिलाबेन अस्पताल, मुम्बई में भर्ती थे। 4 अप्रेल, 2025 को दिग्गज अभिनेता और देश प्रेमी मनोज कुमार अपने प्रशंसकों की आँखे नम करके इस दुनिया से विदा हो गये।पर फिल्मों द्वारा देशभक्ति का जो संदेश उन्होंने दिया वह हमेशा भारतीयों के दिलों में जीवंत रहेगा।

एक अच्छे अभिनेता मनोज कुमार को '**कुमावत इंडिया**' पत्रिका परिवार की ओर से सादर श्रद्धांजलि।

ढूंढिये वजह मुस्कुराने की-5

कौन नहीं चाहता जीवन में आगे बढ़ना? पर जो मुस्कुराने की वजह ढूंढ लेते हैं वे जीवन में प्रसन्न रहते हैं और क्रोध, ईर्ष्या, चिंता, द्वेष, नफरत जैसे दोष पास भी नहीं फटकते। प्रसन्न व्यक्तियों के आसपास लोग आना चाहते हैं जिससे उनके सद्गुण भी स्वमेव आ जाते हैं। मुस्कुराना एक सुगन्धित पुष्प है जिसकी भीनी-भीनी सुगन्ध से आकर्षित होकर मधुमक्खियों की तरह लोग आकर रस लेना चाहते हैं। आप ही सोचिये कि जो दु:खी रहता हो तथा अपना रोना रोता हो उसके पास कौन आयेगा?

द्वेष की भावना यदि मन में डेरा जमा ले तो आप विरोधी को सदैव नुकसान पहुंचाने का भाव रखेंगे तथा बुरे भाव मनुष्य के जीवन के पोषक तत्वों को नष्ट कर देते हैं। इससे विरोधी भी आपको नुकसान पहुंचा सकता है। प्रसन्न रहें तथा चेहरे पर मुस्कान के भाव लायें तो प्रसन्नता का शीतल नीर (जल) विरोधियों के मन के विकारों को धो डालता है, इससे दोनों का लाभ होता है।

हंसते हुए बच्चे सभी को प्यारे लगते हैं और उनके साथ खेलने और बातचीत करने में आनन्द की अनुभूति होती है। मुस्कुराना एकवशीकरण मंत्र है वह सभी परिस्थितियों में खुश रहने का कारण ढूंढ ही लेता है। इससे आनन्द कई गुणा बढ़ जाता है। जब आप किसी नौकरी इन्टरव्यू के लिए जाते हैं तो मुस्कुराते चहरे से आत्मविश्वास झलकता है जो नियोक्ता पर अच्छा प्रभाव डालता है। प्रसन्नता हमारी कार्यशक्ति को बढ़ाती है, कार्य का भार महसूस ही नहीं होता और थकान भी नहीं होती। एक मिनट की हंसी हमें स्फूर्ति दे देती है। हंसना-मुस्कुराना आगे बढ़ने के लिए सर्वोत्तम टॉनिक है। प्रकृति के सभी जीवों में केवल मनुष्य के पास ही ईश्वर ने यह गुण दिया है। फिर क्यों नहीं हम हंसे-मुस्कुराये। मुस्कुराना एक कला है तथा मानव का अमर सौन्दर्य है। आपका चेहरा यदि सुन्दर नहीं है तो कोई हर्ज नहीं, खुलकर हंसिये और मुस्कुराइयें तो सहीं, यह चेहरे पर स्वयं ही अतुलित सौन्दर्य प्रकट कर देगा। मुस्कुराइए, क्योंकि मुस्कुराहट जिंदगी को खूबसूरत बनाती है।

चाहत की हसरत पूरी हो या न हो,
मुस्कुराहट को जिंदा रखना जरूरी है।

- अमिता कुमावत

कुमावत पंचायत संस्थान सुरजपोल उदयपुर के शपथग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष - कन्हैयालाल नाहर, उपाध्यक्ष - मदन सिंह बाबरवाल, महामंत्री - भरत कवाया, मंत्री - कुन्दन सलवाडिया और कोषाध्यक्ष - नरेंद्र झालवार ने शपथ ग्रहण की। सभी पदाधिकारियों को 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से बधाई।

Created by Universal Document Converter

मोहन बालोदिया का 116वाँ गोल्डन ऐरा शो सम्पन्न

30 मार्च, 2025 को श्री मोहन कुमार बालोदिया ने जे.एल.एन. मार्ग स्थित महाराणा प्रताप सभागार, विद्याश्रम स्कूल, जयपुर में संगीतमय संध्या का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम को शो मैन राजकपूर की 100वीं जयन्ती और संगीत के बेताज बादशाह मोहम्मद रफी, प्रदीप कुमार एवं पंकज उदास के गीतों के माध्यम से संगीतमय बनाया गया। साथ ही देवानंद, दिलीप कुमार, भारत भूषण की यादों को संगीत के सुरों में पिरोया गया। मोहन बालोदिया व रश्मि बालोदिया ने 'तुमको ना भुल पाएंगे' और 'खोया-खोया चांद खुला आसमां' गीतों की प्रस्तुती दी। कार्यक्रम में मोहन बालोदिया का साथ रश्मि बालोदिया, नागेश भटनागर, कृष्ण कन्हैया मीणा, राजीव माथुर, विशाल शर्मा, संजय भटनागर, निकीता कोका लालवानी, बेला माथुर ने देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

तुमको न भूल पायेंगे

मंच का संचालन अरुण किम्मतकर द्वारा किया गया।

संतोष, होस्टल सुपरिटेण्डेन्ट नियुक्त

संतोष कुमावत पुत्री श्री सांवरमल जी सालड़ीवाल निवासी पलसाना (सीकर) होस्टल सुपरिटेंडेंट ग्रेड 2 प्रतियोगी परीक्षा की की OBC Girls कैटेगरी में 2nd Rank प्राप्त की तथा समाज कल्याण विभाग, राजस्थान सीकर में पदग्रहण किया। पद ग्रहण करने पर बहुत-बहुत बधाई।

बरखा ने जीता कांस्य पदक

बरखा कुमावत (मारोठिया) ने रोहतक (हरियाणा) में सम्पन्न भारत-रूस-उज्बेकिस्तान (अंतर्राष्ट्रीय), बेल्ट-कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर बहुत-

डॉ. पवन बासनीवाल को टीचर ऑफ द ईयर अवार्ड

IPGA (राजस्थान) अवार्ड-2024 सेमीनार एवं अभिनन्दन समारोह में डॉ. पवन बासनीवाल को उनके अभूतपूर्व योगदान, परिश्रम तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए IPGA टीचर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से डॉ. पवन बासनीवाल को यह अवार्ड मिलने पर हार्दिक बधाई।

प्रभुदयाल, भारत विकास परिषद के नेत्रदान व देह दान सहप्रभारी नियुक्त

भारत विकास परिषद, किशनगढ सम्पर्क, सहयोग, सेवा व संस्कार जैसे स्थाई प्रकल्प कार्यों तथा जन सेवा का कार्य करती है।

नवीन कार्यकारिणी ने सत्र 2025-26 के लिए प्रभुदयाल तुनगरिया को नेत्रदान एव देहदान का सहप्रभारी बनाया है। श्री प्रभुदयाल तुनगरिया निवासी किशनगढ 'कुमावत इंडिया' पत्रिका के व्यवस्थापक मंडल में है ये रोज नि:शुल्क योग क्लास चलाते है तथा किशनगढ़ के छोटे बाबा रामदेव के नाम से जाना जाता है। ये '**करो योग भगाओ रोग**' के लिए कृत संकल्प है।

'**कुमावत इंडिया**' पत्रिका की ओर से श्री प्रभुदयाल तुनगरिया को सह प्रभारी नियुक्त होने पर बधाई।

विशा कुमावत सुपुत्री श्री मोहन अडाणिया और श्रीमती कांता अडाणिया निवासी डागलियों की मगरी, पुलां, उदयपुर को B.Sc. में मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ यूनिवर्सिटी द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित होने पर हार्दिक शुभकामनाएं।

अक्षय कुमावत (सुपुत्र रिटा. कैप्टन जयरामजी-श्रीमती कुसुम कुमावत) ने भारतीय थल सेना में 1 साल की ट्रेनिंग पूर्ण कर पिता से प्रेरित हो लेफ्टिनेंट बनने क सपना पूरा किया।

परिन्डा अभियान

श्रीमती भारती कुमावत (प्रदेश महासचिव, ओबीसी प्रकोष्ठ कांग्रेस) ने किया प्रदेश स्तरीय परिन्दों के लिए परिन्डा अभियान का आगाज। इसके तहत कांग्रेस संगठन के महासचिव ललित तूनवाल ने इस कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पहाड़िया से की। इस अवसर पर ग्राम के सैंकड़ों कुमावत व अन्य जाति व महिलाओं ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया।

श्री ललित तूनवाल ने लोगों से अपील की कि वे अपना ज्यादा से ज्यादा सहयोग कर इस अभियान को सफल बनाने में भारती जी को सहयोग प्रदान करें। गर्मी के मौसम में अधिक परिन्डे लगाकर पक्षियों की जान बचाई जा सकती है। भारती जी ने ग्राम में 51 परिण्डे लगाकर इस पुण्य कार्य को आगे बढ़ाने और प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य लोग शंकर जी बैरा, नानू कुमावत (अध्यक्ष ग्रामीण ओबीसी मोर्चा, कांग्रेस), रामकरण कुमावत, भैरू लाल जी, मूल चंद जी कारगवाल, सरपंच व उप सरपंच, पूर्व विधायक प्रकाश चन्द बैरवा व रमेश वर्मा उपस्थित रहे।

''जल ही जीवन है'' बेजान पक्षियों को परिण्डों के माध्यम से इस भीषण गर्मी में पीने का पानी सुलभ कराकर हम परोपकार कर पायेंगे। 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की भी अपील है हम सभी परिण्डे लगाकर पक्षियों का जीवन बचायें।

विशाखा कुमावत रिंगस भाजपा मण्डल अध्यक्ष

